BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 10 अप्रैल, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

बाइक सवार शातिर बदमाशों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 09/10.04.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम व स्वाट टीम तिल मढईया के शिव मन्दिर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके तथा बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर निजामपुर की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसको अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया व तीसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. गुल मौहम्मद पुत्र उस्मान निवासी सेक्टर 11 चाँदमारी झुग्गी झोपडी थाना विजय नगर जनपद गाजियाबाद (घायल) 2. इकलास पुत्र तारीक निवासी सेक्टर 11 चाँदमारी झुग्गी झोपडी थाना विजय नगर जनपद गाजियाबाद के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी सिकन्द्राबाद में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लूटेरे अपराधी हैं जिनके द्वारा 16 दिन पहले खुर्जा रोड पर एक महिला के कानों से झपट्टा मारकर कुण्डल ले जाने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना चोला पर मुअसं 62/2025 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत है तथा उपरोक्त बदमाशों द्वारा दिनांक 30.03.2025 व 26.03.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं से ठगी करके कुण्डल उतरवाकर फरार हो जाने की भी घटना कारित की गयी थी जिसमें पंजीकृत दोनो मुकदमो में बदमाशों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. गुल मौहम्मद पुत्र उस्मान निवासी सेक्टर 11 चाँदमारी झुग्गी झोपडी थाना विजय नगर जनपद गाजियाबाद (घायल)
2. इकलास पुत्र तारीक निवासी सेक्टर 11 चाँदमारी झुग्गी झोपडी थाना विजय नगर जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।
2- 06 कुण्डल(पीली धातु)
3- हीरो स्प्लेन्डर बाइक (डीएल 6एसबी ए6006)

गिरफ्तार अभियुक्त गुल मौहम्मद का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं 305/25 धारा 318(2)/317(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं 295/25 धारा 318(2)/317(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं 62/25 धारा 304/317(2) बीएनएस थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं 335/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त इकलास का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं 305/25 धारा 318(2)/317(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं 295/25 धारा 318(2)/317(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं 62/25 धारा 304/317(2) बीएनएस थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं 335/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 335/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2- उ0नि0 मेजर सिंह विर्क, उ0नि0 रोहित, उ0नि0 के0के0 गौतम, उ0नि0 शिवम कुमार।
3- है0का0 जावेद, का0 अरविन्द, का0 सोनू कुमार, का0 नितेश शर्मा, का0 नितिन कुमार।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम
है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी,है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।

मीडिया सेल बुलन्दशहर